प्रेषक,

अमृत त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 22 अगस्त, 2022

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद अमरोहा की विधान सभा क्षेत्र- नौगावां सादात में शासनादेश संख्या-488/2021/2393/35-4-2021 दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से सम्बंधित 20 कार्यों की रू0 300.00 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 238.61 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी के पत्र संख्या-257/त्व0अ0वि0यो0/2022-23, दिनांक 29 जून, 2022 द्वारा उक्त स्वीकृत 20 कार्यों में से 06 कार्यों हेतु प्रथम किश्त में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 75 प्रतिशत धनराशि का उपभोग होना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत उक्त 06 कार्यों हेतु लागत रू. 119.69 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त रू. 90.00 लाख की धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय रू. 29.69 लाख (रूपये उनतीस लाख उनहत्तर हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	प्रथम किश्त में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	ग्राम पंचायत लकड़हैट में राजपाल सिंह के मकान से प्राईमरी स्कूल व चामुण्डा मन्दिर तक सी0सी0 रोड निर्माण।	18.43	15.00	3.43
2	ताहरपुर के मुख्य द्वार से जाने वाली सी0सी0 रोड से हसनपुर अमरोहा (चेतन चौहान मार्ग) को जोड़ने वाली रोड पर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	18.33	15.00	3.33
3	ग्राम कुरी वीरान में के0एन0 पब्लिक स्कूल से चेतन चौहान मार्ग तक सी0सी0 रोड निर्माण।	27.69	15.00	12.69
4	ग्राम फैय्याजनगर में श्री नरेश के घर से सरकारी स्कूल से होते हुये श्री समरपाल के घर तक सीसी0 रोड निर्माण।	16.81	15.00	1.81
5	ग्राम मझोला खुर्द में श्री राजीव पुत्र रामवीर के घर से प्राईमरी स्कूल तक सी0सी0 रोड निर्माण।	23.30	15.00	8.30
6	ग्राम हिसामपुर में अनिल पुत्र मेगराज के मकान से बलवीर पुत्र ध्यान सिंह के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण।	15.13	15.00	0.13
	योग:	**119.69**	**90.00**	**29.69**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।
2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।
3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक- 07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 29,69,000 (रूपये उनतीस लाख उनहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखा शीर्षक 505404337 0303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अमृत त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या:261/2022/929(1)/35-4-2022/001-35-4099/65/2022 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, मुरादाबाद मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0।
9- मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, अमरोहा।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अमरोहा।
13- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अमरोहा।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अमृत त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in